सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 04 चैत्र, 1937 (श0) / 25 मार्च, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 153**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 74 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 27 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 11 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 15 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 15 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 06 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 153 |

पथांश की मरम्मती

*394. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत कोचस से बक्सर जानेवाली सड़क का गंगवलिया बन (शिव मंदिर) से भगतगंज-बसहीं धार्मावती नदी के पुल तक का पथांश पिछले तीन वर्षों से जीर्ण-शीर्ण है, जिसके कारण आवागमन में लोगों को दिक्कत हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथांश की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

इन्टरमीडिएट लेन में परिवर्तन करना

*395. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण प्रमंडल कटिहार स्थित सपनी-हसनगंज-भसना भाया चन्द्रमा चौक एम0डी0आर0 विभागीय पथ, सिंगल लेन होने के कारण वाहन के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को इन्टरमीडिएट लेन में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*396. डॉ0 उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आगजनी से प्रभावित परिवारों को इंदिरा आवास देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज प्रखंड के नदहरी ग्राम में 2013 में आग लगने से दस घर जल गये थे जिसे आजतक इंदिरा आवास मुहैया नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित आगजनी पीड़ित परिवारों को अबतक इंदिरा आवास नहीं मुहैया कराने के जिम्मेदार पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

पुल का जीर्णोद्धार

''क''-*397. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के कृषि बाजार सड़क से पिड़ारी जाने-वाली सड़क में नरकटिया कृषि फार्म के समीप पंडैयी नदी पर बना पुल विगत 10 वर्षों से काफी जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क'' पथ निर्माण विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग में स्था0 ।

परिसर की घेराबंदी

*398. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड परिसर की घेराबन्दी नहीं रहने से कार्यालय असुरक्षित है तथा पशुओं का आवागमन अबाध रूप से होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड परिसर की घेराबन्दी का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया की मरम्मती

*399. श्री रामसुरत राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कटरा प्रखंड के बजुआर-लखनपुर एक मात्र मार्ग है जो प्रखंड के बारह पंचायत एवं औराई प्रखंड के लोगों का आवागमन का साधन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुछ वर्ष पूर्व बने उक्त पथ के वागमोरा में भारी वाहन चलने के कारण पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी है एवं आवागमन पूर्णत: ठप हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुलिया की मरम्मती करवाते हुये आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*400. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के घोडबंकी पंचायत के घोडबंकी गाँव के बैरागी कामत के घर से खतबे टोला होते हुये उत्क्रमित उच्च विद्यालय, घोडबंकी के प्रधान मंत्री सड़क तक की सड़क कच्ची एवं जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय जाने में छात्रों को कठिनाई होती है तथा यातायात में पैदल चलना भी मुश्किल होता है जबकि उक्त गाँव में अतिपिछड़ा, पिछड़ा, दलित, महादलित तथा अल्पसंख्यकों की काफी आबादी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ बनाना

*401. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखंड अन्तर्गत एकस पथ एल0 24 से छपकी ग्राम पथ की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अधिग्रहण

*402. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड स्थित मनीगाछी-घनश्यामपुर पथ तीन यथा-मनीगाछी, तारडीह एवं सदर प्रखंडों को जोड़ने वाली अति महत्वपूर्ण सड़क है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में इसी वित्तीय वर्ष में अधिग्रहण कर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*403. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया के सिकटी प्रखंड के तहत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत मध्य विद्यालय, तीरा सरदार टोला से पूर्व प्रमुख के घर होते हुये सतबेर कॉलनी तक पक्की सड़क का निर्माण तीन वर्ष पूर्व शुरू करने के बावजूद आजतक पूरा नहीं किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया के सिकटी प्रखंड अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बरमसिया से बरमसिया कब्रिस्तान तक एक किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व शुरू करने के बावजूद आजतक पूरा नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) तथा (2) में वर्णित सड़कों के निर्माण कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध की मरम्मती

*404. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के परवलपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम-धनावाँ एवं शेखपुरा के उत्तर कालुआ से दोमुहानी जंक्शन तक तटबन्ध निर्माण के क्रम में विभाग द्वारा पूर्वी तटबन्ध का निर्माण कराया गया लेकिन पश्चिमी तटबन्ध का निर्माण वर्ष 2012-13 में अधूरा छोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धनावाँ, गौरवनगर, शेखपुरा, रूपसपुर, चिन्तावनचक, मिर्जापुर, भर्दन बिगहा एवं हर प्रसाद बिगहा गाँव तीन तरफ से नदियों से घिरा है तथा बाढ़ से उपर्युक्त गाँवों में धन-जन की काफी क्षति होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दो मुहानी जंक्शन तक छूटे हुये 8 किलो मीटर तटबंध का निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*405. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड में राज्य कोर नेटवर्क क्रम संख्या 19 एस0 एच0 पचरौड़ तरैया के देवरिया से सदनवाजनपुर-राजधानी प्रधान मंत्री ग्राम-सड़क तक तथा क्रम संख्या (8) राज्य उच्च पथ 73 के सदनवाजपुर से देवरिया तक पथ जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कार्य कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*406. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत चाँदनी चौक से लक्ष्मी चौक तक की सड़क के किसी भी तरफ से नाले की व्यवस्था नहीं है, जिसे सैकड़ों घरों में हमेशा पानी लगा रहता है तथा महामारी फैलने की आशंका रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ में नाला निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का चौड़ीकरण

*407. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड में बिहपुर गनौल पथ बिल्कुल ही जर्जर है और नारायणपुर मुख्यालय को जोड़नेवाली एक मात्र सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क की चौड़ाई भी बहुत कम है, जिसकी वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं मरम्मतीकरण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*408. श्री बृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के मोतीपुर हाट के पश्चिम से डुरहाँ होते हुये बखरा से बोआरिया जाने वाले 3 कि0 मी0 सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव रोकना

*409. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत धरहरा एवं जमालपुर प्रखंड के बाहा चौकी, सुन्दरपुर, हेमजापुर, लगमा तथा शिवकुंड में गंगा का कटाव तीव्र गति से हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में गंगा के कटाव से गाँव तथा विद्यालय के अतिरिक्त अचल सम्पत्ति का नुकसान हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में गंगा के कटाव को रोकना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शौचालय का निर्माण

*410. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन --क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में अवस्थित राजकीय औषधालय का भवन काफी जर्जर हो चुका है एवं शौचालय वगैरह नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर राजकीय औषधालय भवन व शौचालय का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

आवास दिलाना

*411. श्री दाऊद अली --क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड ग्राम-ढोढ़ा सहित अन्य ग्रामवासियों के गरीब दलित एवं महादलित को वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में प्रकाशित इन्दिरा आवास सूची में लाभार्थियों को इन्दिरा आवास आवंटित कर देय राशि की निकासी कर ली गई है, यदि हाँ, तो सरकार नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड ग्राम-ढोढ़ा सहित अन्य ग्रामवासियों के गरीब दलित एवं महादलित को वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में प्रकाशित इन्दिरा आवास सूची की जाँच कराते हुये सभी लाभार्थियों को इन्दिरा आवास का लाभ दिलाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

नहर को पूरा कराना

*412. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पश्चिमी कोसी नहर का शिलान्यास वर्ष 1971 में किया गया जो अब बंद है, जिससे मधुबनी दरभंगा एवं सुपौल जिला का बहुत बड़ा भू-भाग सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कोसी नहर को पूरा कर सिंचाई देने की सुविधा कबतक उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*413. श्री अवधेश सिंह --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखण्ड के चकुन्दा उर्फ मिल्की पंचायत के सपहाँ ग्राम में हनुमान मंदिर के निकट से गुमटी, काली सिंह के घर के निकट तक की सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*414. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के पलासी प्रखंड अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चतरी धार, दूधा धार, बकेनिया धार तथा मसना धार (बेतौना के निकट) पुल के निर्माण हेतु डी०पी०आर० एक वर्ष पूर्व बनने के बावजूद इसका निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के कुर्साकांटा प्रखंड अन्तर्गत कत:पुर पोखर भिंडा से पोखरवा होते हुये सोता तक तथा सौरगाँव सरदार टोला से घनगामा होते हुये सोता तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण लगभग दस हजार की आबादी को आवागमन में परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पुलों तथा (2) में वर्णित सड़कों के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी पर कार्रवाई

*415. श्री विक्रम कुँवर--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''सी०एम० इन्दिरा आवास जीर्णोद्धार योजना में चार जिलों ने नहीं ली दिलचस्पी'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना प्रमंडल के चार जिला क्रमशः पटना, भोजपुर, कैमूर एवं रोहतास में मुख्य मंत्री इंदिरा आवास जीर्णोद्धार योजना का कार्य पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण ठप है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इस महत्वकांक्षी योजना को कबतक चालू कराने तथा शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

-------

कार्य को पूर्ण करना

*416. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड के खड्डा पंचायत में पतहरी स्टेडियम का निर्माण कार्य वर्ष 2009 में ही प्रारम्भ हुआ, जो अभी भी अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेडियम के अधूरे कार्य को पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का कालीकरण

*417. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के बेलही पूर्वी पंचायत के धौली टोला गाँव के प्रधान मंत्री सड़क से फुलकाहा पंचायत भवन तक की सड़क, हठलेटवा गाँव के छट्ठु यादव के घर से राम खेलावन ठाकुर के घर होते हुये एस०एस०बी० कैम्प तक की सड़क देवधा दक्षिणी पंचायत के एन०एच० 104 बिजली ग्रिड से पीठवा टोल होते हुये उछाल गाँव तक की सड़क देवधा मध्य पंचायत के एन०एच० 104 भगवती चौक देवधा से प्रधान मंत्री सड़क नागेश्वर सिंह के खेत तक की सड़क तथा देवधा उत्तरी पंचायत के म०वि० भदौर से अकौन्हा बाँध तक की सड़क अत्यन्त ही दयनीय एवं जर्जर हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क खराब होने से लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल है, एक लाख आबादी की यातायात प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों को पी०सी०सी० या कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*418. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के ग्राम पंचायत राजकठौर के कठौर चौक से कोईरी टोला का सड़क का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण करने हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 101 (आ०), दिनांक 23 जून, 2012 द्वारा मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को पत्र लिखा गया है, लेकिन अभीतक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*419. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड के ग्राम-ठकुरार के पास धावा नदी पर पुल नहीं रहने से आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल पर धावा नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*420. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के पंचदेवरी प्रखंडान्तर्गत मोतीपुर विद्यालय से विशनपुर तक जाने वाली सड़क की स्थिति पिछले 4 वर्षों से जर्जर हो जाने के कारण आवागमन अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवागमन बहाल करना

*421. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड स्थित घोघरडीहा हटनी एवं हटनी-हररी बसखोरा पथ में ग्राम घोघरडीहा हटनी नौआबाखर एवं देवनाथपट्टी में भारी अतिक्रमण के कारण बराबर आवगमन बाधित होता है और राहगीरों को भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ से अतिक्रमण हटाकर आवागमन सुगम बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*422. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के नून नदी पर लेवटन घाट एवं बकार घाट पर पुल नहीं है, जिससे पातेपुर, सरारंजन, सकरा एवं ताजपुर प्रखंड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार लेवटन एवं बकार घाट पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*423. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला सासाराम के अनुमंडल में आई०टी०आई० कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल में आई०टी०आई० कॉलेज नहीं होने के कारण वहाँ के छात्र एवं छात्राओं को आई०टी०आई० की डिग्री लेने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम अनुमंडल मुख्यालय में आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*424. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंडान्तर्गत सिरीश रोड से सरेंगा एवं बारून-नबीनगर रोड से परसा भाया बगहा का टेंडर इसी वित्तीय वर्ष में रद्द कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों रोड का पुनः टेंडर नहीं होने से आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों का पुनः टेंडर निकालकर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*425. श्रीमती दिलमरणी देवी-क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत सिमरी प्रखंड के मदारी से दुलहपुर होते हुये सोनवर्षा तक का पथ जर्जर स्थिति में है जिससे आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनाना

*426. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेरोजगार युवकों को तकनीकी प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत वर्ष 2008-09 में एक आई०टी०आई० प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान हेतु जमीन प्रखंड मुख्यालय बिस्फी में सरकारी दर पर देने का प्रस्ताव स्थानीय भू-स्वामी मास्टर रिजवान, बिस्फी हाट ने दिया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान के भवन निर्माण हेतु जमीन के भू-अर्जन में आने वाली लागत की सूचना विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना के ज्ञापांक 1822, दिनांक 21 अप्रील, 2010 द्वारा समाहर्ता, मधुबनी को दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संस्थान हेतु मास्टर रिजवान द्वारा दिये गये प्रस्तावित जमीन के अधिग्रहण संबंधी सारी प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*427. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड अन्तर्गत अमैया पंचायत के ग्राम-दुल्हर में काली स्थान से लेकर कैलाश यादव के घर तक सिंचाई नाला नहीं होने से आस-पास के 100 एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सिंचाई नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*428. श्रीमती पूनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 4 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''प्रधान मंत्री सड़क योजना नहीं बनने से परेशानी'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड के सर्किल नं० 1 में वर्ष 2012-13 में प्राक्कलित राशि 11,82,81,600 रु० से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से देवठा, नवटोलिया, बीरवास, पैकांत होते हुये पहाड़पुर जानेवाली सड़क का शिलान्यास हुआ है लेकिन सड़क निर्माण अबतक नहीं होने से उस क्षेत्र के वासी आवागमन में परेशानी का सामना कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*429. श्री (मो०) जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड अंतर्गत मनरेगा योजना से वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में वृक्ष रोपण का कार्य हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि 80 प्रतिशत से अधिक स्थानों में वृक्ष नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि मनरेगा योजनाओं में छत्तरगाछ पंचायत के अर्राबाड़ी कब्रिस्तान, कोलथा पंचायत के सातमेरी कब्रिस्तान एवं सिमलाबाड़ी आदिवासी टोला के रास्ते में फाला पंचायत तथा गोरूखाल पंचायत आदि में केवल कागजी रूप में योजनाओं को पूर्ण दिखाया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्षों के योजनाओं की जाँच कराकर दोषियों को सजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*430. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, कहलगाँव के अधीन आठ माह पूर्व प्रधान मंत्री सड़क योजना से निर्मित ग्राम-भखरी से तेलौंधा पी०सी०सी० पथ का निर्माण कराया गया है, जो कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो रहा है जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों एवं संवेदक पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

पुल का निर्माण

*431. श्री विनयकुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के रमसापुर ढ़ांव पर आर०सी०सी० पुल नहीं रहने के कारण आमजनों की आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रमसापुर ढ़ांव पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*432. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा के आतापुर नवटोलिया से भगवती चौक कुण्डल तक पथ जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ के निर्माण कार्य का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्लूईस गेट का निर्माण

*433. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत महानंदा बाँध के कन्हरिया समीप स्थित स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने से 10 पंचायत क्रमश: आलमपुर, दनिहा, शीतलमणि, निमौल, अमर सिंहपुर, खुरियाल, खरसौता, देवगाँव पंचायतों के 70 हजार किसानों को पटवन की सुविधा नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो सरकार महानन्दा बाँध कन्हरिया के समीप स्लूईस गेट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

सड़क की मरम्मती

*434. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत विक्रम प्रखण्ड के सरवाँ भनसारा मोड़ से गोरखरी गाँव तक दो वर्ष पूर्व बना रोड काफी जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करते हुये सड़क की मरम्मती कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*435. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर में कंदराबाद चौक से शिवधारा, कटहलबाड़ी, दोनार, बेंता से स्वीट होम चौक स्थित पथ निर्माण विभाग की सड़क पर नाले का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में आम नागरिकों को भयानक जल-जमाव की समस्या से रू-ब-रू होना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने भी जून, 2014 में माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग को उक्त स्थानों पर नालों के निर्माण के लिये आग्रह-पत्र भी लिखा था जिसके फलस्वरूप उपर्युक्त नालों का प्राक्कलन भी बनाकर मुख्यालय में पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा शहर के नागरिकों को जल-जमाव की समस्या से निदान के लिये उपर्युक्त नालों के प्राक्कलन को स्वीकृति देकर नाले का निर्माण कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नलकूप को चालू कराना

*436. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड एवं दिघवारा प्रखण्ड के कुल नलकूपों की सं0 40 है, जिसमें मात्र सोनपुर प्रखण्ड के 5 नलकूप चालू हैं एवं शेष बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार दिघवारा एवं सोनपुर प्रखण्ड के शेष नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर का पक्कीकरण

*437. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सोन नहर का पक्कीकरण कार्य दो वर्ष पूर्व शुरू किया गया है लेकिन सोन नहर में कटेयाँ लाइन का पक्कीकरण नहीं होने से कृषकों को पटवन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

*438. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण प्रमण्डल, कटिहार अंतर्गत राज्य उच्च पथ 98 (कटिहार-छीटावाड़ी-सौनैली-भगैया-बलरामपुर) पथ का चौड़ीकरण नहीं होने से आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त राज्य पथ को डबल लेन (चौड़ाई 7 मीटर) में परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*439. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अन्तर्गत ब्रह्मपुरा थाना चौक से दामोदरपुर बड़का गाँव जानेवाली सड़क जर्जर अवस्था में है, जो पथ निर्माण विभाग के अधिग्रहण हेतु प्रक्रियाधीन है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नलकूप चालू करना

*440. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

((1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखण्ड के राघोपुर उत्तरी पंचायत का ग्राम-दहौड़ा नलकूप सहित प्रखण्ड के अन्य नलकूप विगत 8 वर्षों से विभागीय दोष के कारण बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप बंद रहने से किसानों को पटवन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के बंद नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाँध का जीर्णोद्धार

*441. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये बाँध, पोखर, आहर तालाब का जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखण्ड में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित धमसागर बाँध एवं हरना बाँध का पचीस वर्षों से कोई जीर्णोद्धार का काम नहीं किया गया है जिससे किसानों द्वारा सैकड़ों एकड़ जमीन में फसल उत्पादन का कार्य नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध/आहर का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*442. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला पुल निर्माण निगम जो स्थायी प्रमंडल है, महादलित कार्यपालक अभियंता का जनवरी 15 में पदस्थापन के एक दिन पूर्व ही उच्च पदाधिकारियों द्वारा षड्यंत्र कर सहरसा जिला से खगड़िया जिला को काट करके अगुआनी घाट प्रमंडल पुल निर्माण निगम जो अस्थायी (टेम्परोरी) है, जोड़ दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अगुआनी घाट पुल निर्माण के पश्चात् स्वतः समाप्त हो जायेगा ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस षड्यंत्र से दोनों प्रमंडलों के विकास कार्यों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्यहित में पुल निर्माण निगम प्रमंडल को सहरसा में यथावत बने रहने देने साथ ही नियम के विरुद्ध षड्यंत्र करने वाले पदाधिकारी पर कौन सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल की मरम्मती

*443. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखण्ड के पंचदेवरी से जमुन्हाँ तक जाने वाली सड़क मझरिया ग्राम में पुल 8 वर्षों से जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*444. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत दरियापुर जनता बाजार से नंदपुर सिंह होते हुये संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय को जोड़नेवाली सड़क कच्ची एवं जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराकर आवागमन सुचारू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*445. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत प्रखंड तुरकौलिया के मधुरापुर पंचायत अंतर्गत कुशहर चवर की जल निकासी नहीं होने से लगभग 500 एकड़ की फसल प्रति वर्ष बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चवर की जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल निर्माण

*446. श्री शैलेश कुमार– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखंड के कौड़िया पंचायत, पासवान टोला में शिवाला के निकट जौकिया नदी पर पुल का निर्माण अभीतक नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से उक्त पंचायत के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जौकिया नदी पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निधि उपलब्ध कराना

*447. श्री गिरिधारी यादव– क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, बाँका (1) एवं (2) के अंतर्गत प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विश्व बैंक सम्पोषित योजना आर०आर०पी० 2 निधि तथा भुगतान प्राधिकार के अभाव में दिनांक 15 जनवरी, 2015 से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार निधि एवं भुगतान प्राधिकार पत्र उपलब्ध कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाला का पक्कीकरण

*448. श्री अरुण कुमार सिन्हा– क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के मीठापुर से भुतनाथ रोड तक 4 कि०मी० लंबे कच्चे नाले की गहराई बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2014-15 में ही पक्कीकरण कार्य संपन्न करने हेतु 40.52 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति देने के बावजूद उक्त कार्य अबतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस नाला का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

## प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*449. डॉ० अब्दुल गफूर– क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी एवं नवहट्टा प्रखंडों की आबादी लगभग दो लाख से अधिक है, आई०टी०आई० केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिषी एवं नवहट्टा प्रखंडों में आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**– आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि सहरसा जिलान्तर्गत दो औ०प्र० संस्थान यथा औ०प्र० संस्थान, सहरसा एवं महिला औ०प्र० संस्थान, सहरसा स्थापित है, जिसमें सहरसा जिला के सभी अनुमंडलों/प्रखंडों के सुयोग्य युवक/युवती प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं ।

वर्तमान में सहरसा जिलान्तर्गत महिषी एवं नवहट्टा प्रखंडों में कोई और औ०प्र० संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

एप्रोच पथ का निर्माण

*450. श्री दिनेश प्रसाद—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखंड के बूढ़ी गंडक नदी के रघई घाट पर पुल का निर्माण हो चुका है लेकिन आजतक पुल के दक्षिणी हिस्से में एप्रोच रोड का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन बाधित है और पुल के निर्माण पर खर्च हुई राशि निष्फल है, यदि हाँ, तो सरकार पुल के दक्षिणी तरफ एप्रोच का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन बहाल करना

*451. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत चौराहा में स्व० अखिलेश्वर राय, भूतपूर्व मुखिया के घर के बगल में ग्रामीण सड़क में वर्ष 2011 से गड्ढा बना हुआ है, जिससे लोगों तथा गाय, भैंस को सड़क पार करने में कीचड़ युक्त गड्ढा तथा बरसात के दिनों में पानी होकर पार करना पड़ता है, इससे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गड्ढे को भरकर आवागमन का मार्ग सुलभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*452 श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के पंचायत शिवपुरी में वर्ष 2013-14 में प्राक्कलित राशि 1,09,70,727 रुपये से 1.488 कि०मी० मुख्य मंत्री ग्राम संपर्क योजना से सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराने के कारण निर्माण कार्य समाप्ति के तुरंत बाद दिसम्बर, 2014 से पी०सी०सी० तथा कालीकरण की गिट्टी उखड़ रहा है जिससे सड़क पर चलने वाली गाड़ी के परिचालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलन तथा एकरारनामा के शर्त के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करनेवाले संवेदक तथा निर्माण कार्य कराने वाले अभियंता पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

भवन का निर्माण

*453 श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी के प्रखंड कार्यालय का दर्जा प्राप्त हुये 22 वर्ष बीत गये हैं, लेकिन आजतक परसौनी प्रखंड के कार्यालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्या द्वारा पत्रांक 158, दिनांक 18 जुलाई, 2012 द्वारा मुख्य मंत्री को प्रखण्ड कार्यालय भवन निर्माण हेतु पत्र लिखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो परसौनी प्रखंड कार्यालय का भवन निर्माण आजतक नहीं होने का क्या औचित्य है ?

छिलका का जीर्णोद्धार कराना

*454. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड के धौडाँड़ पंचायत के ग्राम धौडाँड़ में खाता संख्या 522, प्लॉट नं० 03, 22, 23 और 1586 पर सिंचाई विभाग द्वारा सन् 1960-65 में छिलका का निर्माण हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छिलका में पानी के ठहराव हेतु भौव का निर्माण कर उसमें फाल लगाया था, जो खराब हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छिलका का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का चौड़ीकरण

*455. श्रीमती सुखदा पाण्डेय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर नगर के स्टेशन रोड में एक छोटा पुल (कटहिया) स्थित है, जो अत्यंत संकरा और छोटा है, जिसके कारण इस प्रमुख सड़क पर लगातार जाम लगा रहता है तथा कभी-कभी आवागमन बाधित भी हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का चौड़ीकरण अथवा दोहरीकरण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*456. श्री (मो०) तौसीफ आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत प्रखण्ड बहादुरगंज के चन्दवार पंचायत में योजना सं० 02/14-15 बी०आर०जी०एफ० मद से बने ग्राम बागीचा पूरब टोला में पी०सी०सी० सड़क बनने के कुछ ही महीने में सड़क बीचोंबीच फट गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का प्राक्कलित राशि 2,70,800 रु० (दो लाख सत्तर हजार आठ सौ रु०) है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के सभी पंचायतों में बी०आर०जी०एफ० योजना में काफी लूट-खसोट किया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त योजनाओं का उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार सरकार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*457. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के रौता पंचायत के गोपालपुर महादलित टोला के शिव मंदिर के उत्तर नहर के स्लूईस गेट के पास आर०सी०सी० पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## नहर की सफाई

*458. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड में पौरा नहर के कुटरी डिस्ट्रीब्यूटरी से गोड़ापर तक नहर मिट्टी से भर गई है, जिससे ग्राम-गोड़ापर, बेल्दरिया, शिवगंज का सैंकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कुटरी डिस्ट्रीब्यूटरी से गोड़ापर तक नहर की सफाई कबतक करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ का निर्माण

*459. श्री (मो०) आवेद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखंड भोटाथाना से पोठिया 11 कि०मी० आर०ई०ओ० रोड की हालत जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क आर०ई०ओ० द्वारा पी०डब्लू०डी० में स्थानांतरित करने के लिये वर्ष 2012 में अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रोड का अधिग्रहण करते हुये निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क की मरम्मती

*460. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी शान्ति नायक उच्च विद्यालय से कन्हुहली तक पथ का निर्माण वर्ष 2007-08 में कराया गया था, जो काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क पूर्ण कराना

*461. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड के निर्मित सड़क नगरी से भैरोडीह, देकुरा से बराढ़ एवं नगरी से सोनवर्षा पथ विगत 5 वर्षों से अर्द्धनिर्मित स्थिति में है जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का मरम्मती

*462. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत शोढा मठिया से अरगाना पुल होते हुये एस०एच० 74 मंगलापुर तक की लगभग 10 कि०मी० की पक्की सड़क काफी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पोखर की सफाई

*463. डॉ० कृष्णानन्दन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के अरई पईन से बुढ़ी आहर तक पईन एवं पोखर की सफाई मात्र 25-30 वर्षों से नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात में वर्षा का पानी इस पईन से नहीं आता है जिससे हजारों एकड़ जमीन परती रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक मोहड़ा प्रखंड में अरई पईन से बुढ़ी आहर तक पईन, आहर एवं पोखर की सफाई का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन बहाल करना

*464. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मालती-कैदराबाद-दलसिंहसराय पथ का कष्टौली से मनसूरचक तक सघन आबादी के बीच पूर्ण सड़क जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, साथ ही कई दुर्घटना भी घट चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दूरी में पी०सी०सी० ढलाई कर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उच्चस्तरीय पथ में शामिल करना

*465. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बालगुदर एन०एच० 80 से नीमचक-बभनगामा होते हुये शेखपुरा जिला के सिरारी तक 15 कि०मी० की कच्ची सड़क जाती है, कच्ची सड़क होने से आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक एन०एच० 80 बालगुदर से नीमचक-बभनगामा होते हुये सिरारी तक मार्ग को राज्य उच्च पथ में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*466. श्री ज्ञानचन्द माँझी— क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1)क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा प्रखंड के रामपुर पैगम्बरपुर पथ में गड़खा बाजार के पश्चिमी छोड़ से ग्राम –साहपुर चौक तक सड़क विगत दो वर्षों से जर्जर हो गया है जिससे यातायात बिल्कुल बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि गड़खा ब्लॉक आने के लिये यह प्रमुख पथ है जिससे जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क निर्माण करवाना चाहती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*467. श्रीमती दिलमरणी देवी – क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत सेमरी प्रखंड के आशा परड़ी से गंगौली तक पथ लगभग 50 गाँव के लोगों का आवागमन का माध्यम है जो जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार बक्सर जिलान्तर्गत सेमरी प्रखंड के उक्त पथ का जिर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*468. श्री गिरिधारी यादव–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बेलहर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बेलहर संदीपी पथ का कार्यारंभ पाँच वर्ष पूर्व हुआ है परन्तु आज तक उक्त पथ का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*469. श्रीमती रश्मि वर्मा–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रामनगर से नरकटियागंज होते हुये जो सड़क बेतिया जिला मुख्यालय जाती है यह एक प्रमुख मार्ग है इस सड़क पर नरकटियागंज से सटे पश्चिम हड़बोड़ा नदी (धुमनगर) पर ब्रिटिश शासन के समय लोहे का पुल एकदम जर्जर हालत में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पुल का निर्माण चौड़ीकरण कराने का विचार कबतक, रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*470. श्रीमती गुलजार देवी–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघड़डीहा प्रखंड स्थित घोघड़डीहा हटनी पथ में हटनी गाँव के आसपास वर्ष 1997-98 विधायक ऐच्छिक कोष से बना कॉजवे (छिलका) क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पथ में आवागमन बंदी के कगार पर पहुँच चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक वर्णित जगह पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*471. श्री अम्बिका सिंह–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि  कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखंड में पूर्व से लगे सरकारी नलकूप 10 वर्षों से बंद पड़ा है जिससे स्थानीय किसान समय से सिंचाई नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार बंद पड़े नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*472. डॉ० अच्युतानन्द सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि  वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा बाजार से कुशहर चौक तक जाने वाली सड़क की स्थिति जर्जर है जिसके कारण क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*473. श्री हरिनारायण सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल हरनौत के चण्डी प्रखंड अन्तर्गत एन०एच० 30ए० धरमपुर से सिन्दुआरा ग्रामीण कार्य पथ जर्जर है;

(2)क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पथ का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पाँच वर्ष पूर्व हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पथ का मरम्मती कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## दोषी पर कार्रवाई

*474. श्री इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 अगस्त, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''बी०आर०जी०एफ० के 18.88 लाख की बंदरबाट'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखण्ड में बी०आर०जी०एफ० योजना में वित्तीय वर्ष 2013-14 में 18.88 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में पंचायत समिति की योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रथम किस्त डी०डी०सी० कार्यालय से राशि आवंटित की गई थी जिससे विभिन्न पंचायतों में सात योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना था जो आजतक 7 पंचायतों में नहीं किया गया है और पैसे का बन्दरबाट कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस विषय की उच्चस्तरीय जाँच कर कबतक दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

## पुलिया का जीर्णोद्धार

*475. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखण्ड के डिलियां ग्राम के सामने नहर पर अवस्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे वहाँ के किसानों को आने-जाने एवं नहर के उस पार खेती करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलिया का जीर्णोद्धार करवाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*476. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के ताहीरपुर से चकौटब जानेवाले सड़क के बागमती पुरानी धार में पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने से रून्नीसैदपुर प्रखण्ड एवं मीनापुर प्रखण्ड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल का निर्माण

*477. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड के ग्राम-कझपा के पास मदार नदी पर पुल नहीं है जिससे आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थान मदाड़ नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुख्य सड़क से जोड़ना

*478. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, हरनौत के नगरनौसा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत भुतहाखार के ग्राम-बलवा एवं खरजमा को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने की योजना है, यदि हाँ, तो सरकार आवागमन का ख्याल करते हुये ग्राम-बलवा एवं खरजमा को पक्की सड़क से कबतक जोड़ना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बैडवार का निर्माण

*479. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के ग्राम-तुर्की, बेलहर एवं कौन्हवा के पास गंडक नदी के कटाव को रोकने हेतु बहुत पहले बैडवार का निर्माण हुआ था, जो टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बैडवार की पुनः मरम्मती कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*480. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम-सिंघिमा में पशु चिकित्सालय भवन काफी जर्जर हो जाने के कारण अस्पतालकर्मियों व किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर भवन का निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नलकूप चालू कराना

*481. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम-सवैया एवं हैवतपुर का राजकीय नलकूप बन्द है, जिसके कारण सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूपों पर 63-63 के०वी०ए० का ट्रांसफार्मर एवं तारपोल लगा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-सवैया एवं हैवतपुर के बन्द राजकीय नलकूपों को चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*482. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर में ग्राम कोन्हवा गंडक नदी के किनारे बसा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गंडक नदी पार करने हेतु या तो रेवाघाट पुल या हाजीपुर पुल होकर ही वैशाली, मुजफ्फरपुर या अन्य जिलों में आम जनता को घुमकर जाना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त गाँव से रेवाघाट पुल या हाजीपुर पुल की दूरी लगभग 30-40 कि०मी० है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम कोन्हवा के पास गंडक नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--(1) स्वीकारात्मक।

(2) स्वीकारात्मक।

(3) कोन्हवा ग्राम से रेवाघाट की दूरी लगभग 22 कि०मी० एवं हाजीपुर पुल की दूरी लगभग 18 कि०मी० पड़ता है ।

(4) वर्तमान में ग्राम कोन्हवा के पास गंडक नदी पर पुल निर्माण कराने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

------

दोषी पर कार्रवाई

*483. श्रीमती पूनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 29 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''मजदूरों का नहीं रूक पा रहा पलायन'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परवत्ता प्रखंड में ग्राम पंचायत सियादतपुर-अगुवानी के डुमरिया बुजुर्ग ठाकुरबाड़ी स्थित जमींदारी बाँध के विभिन्न बिन्दुओं 0.15 से 1.045 किलोमीटर के बीच टूटे भाग का मरम्मत प्राक्कलित राशि 15 लाख 27 हजार 300 रुपये से करायी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय पी०आर०एस० सह-अभिकर्ता द्वारा जमींदारी बांध की मरम्मत के दौरान मनरेगा के नियम व मार्गदर्शिका को ताक पर रखकर जे०सी०बी० से मरम्मत शुरू कर दिया गया और अधिकारी मूकदर्शक बनकर रह गये जिसके कारण स्थानीय मजदूर पलायन के लिये विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषी कर्मचारी एवं पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पर कार्रवाई

*484. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत उत्तरी कांटाकोश ग्राम पंचायत के बनगाँवा में 7 वर्ष पहले एक सामुदायिक भवन बना था। केवल छत ढाला गया। छत भी चू रही है। खिड़की दरवाजा लगाया नहीं गया और न उसका प्लास्टर किया गया यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*485. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के धकजरी चौक पी०एम०जी०एस०वाई पथ से महादलित टोला होते हुये भरेहना चौक से बभाड़ी पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

राशन कार्ड दिलाना

*486. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के नौतन एवं बैरिया प्रखण्ड में आर्थिक जनगणना के अनुसार सर्वेक्षण सूची में सम्मिलित बी०पी०एल० परिवार को आजतक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत राशन कार्ड नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार दोनों प्रखण्डों के बी०पी०एल० परिवार को राशन कार्ड दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*487. श्री रामनरेश प्र० यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत मलाही से खैरवा भाया, भांसर जानेवाली सड़क ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है एवं उसके बीच में हरदी नदी बहती है, जिससे आम लोगों का आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पथ प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत है तथा टेंडर की प्रक्रिया में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क के बीच बहने वाली हरदी नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नहर की उड़ाही

*488. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारुन प्रखण्डान्तर्गत लोअर बटाने नहर की मरम्मती एवं उड़ाही का कार्य विगत वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ किया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ईटहर ग्राम के नीचे उर्दीना, नदीयाई, दलकरमा, वसडीहा, प्रितमपुर आदि गाँवों में लगातार सूखा हो रहा है जिससे आम जनता भूखमरी के कगार पर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर की सफाई उड़ाही कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*489. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा क्षेत्र के पी०डब्लू०डी० मुख्य सड़क ग्राम रामपुर (प्रयाग चौक) से ग्राम शासन तक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गजट में प्रकाशित करना

*490. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की चतुर्थ बैठक दिनांक 16 दिसम्बर, 2010 की कार्यवाही के क्रमांक 7 के पारा 7 में प्रतिवर्ष एक रुपये लेकर पंजीकरण एवं नवीकरण करने का प्रस्ताव पारित हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त प्रस्ताव के आलोक में बिहार भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा विनियमन) नियमावली, 2005 में संशोधन कर 15 दिनों में सरकार की सहमति प्राप्त कर उसे गजट में प्रकाशित कराना था, लेकिन दिनांक 3 फरवरी, 2015 तक प्रकाशित नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बिहार भवन अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) नियमावली, 2005 में उपरोक्त प्रस्ताव अंकित करते हुये गजट में प्रकाशित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*491. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के पाँचूबिगहा में नहर पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार पाँचूबिगहा में नहर पर पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*492. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत भगवानपुर संजात पथ में भगवानपुर पुल 1 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया, जिसके कारण आवागमन पूर्णरूपेण बाधित है, जबकि उक्त पुल का विभाग द्वारा डी०पी०आर० 6 माह पूर्व तैयार कर लिया गया है, परन्तु वर्तमान समय तक पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क निर्माण

*493. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत प्रखंड हरसिद्धि के ग्राम पंचायत ओलहा के ग्राम बरमथवा से गायघाट सिंचाई नहर पुल से ललनराय के घर होते हुये नगीना राय के घर तक का पथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*494. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत बिस्फी-घाट भटरा सड़क पर शालीग्राम जी के घर के पास एवं भरन टोला मोड़ के पास कटान पर तथा असौधु नदी पर पुल नहीं रहने से जल-जमाव के कारण वर्ष में 9 महीना आवागमन अवरुद्ध रहता है तथा प्रखंड मुख्यालय जिसकी दूरी 3 कि०मी० है, पुल के अभाव में प्रखंड मुख्यालय आने में 50-60 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर आर०सी०सी० पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*495. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के सदायबिघा गाँव में लगभग 3 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण दो वर्ष से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पुल के निर्माण के पूर्व डायवर्सन का निर्माण नहीं किया गया है इससे ग्रामवासियों को बरसात में गाँव से निकलने का कोई विकल्प नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल बनाने के साथ-साथ डायवर्सन बनाने का कबतक, विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*496. श्रीमती उषा सिन्हा-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा एवं थरथरी प्रखंड अन्तर्गत हिलसा नूरसराय पथ के ''मिल्की पर से नारायणपुर'' पथ का निर्माण मुख्य मंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत 2006 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की मरम्मती एवं रख-रखाव के अभाव में स्थिति अत्यधिक दयनीय एवं जर्जर हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मिल्की पर से नारायणपुर पथ का जीर्णोद्धार कराना कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*497. श्री बृजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के रतनपुरा गाँव से फोर लेन से हरौना-मोसन्डी तक जाने वाली सड़क विगत 5 वर्षों से काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*498. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के गढ़घाट मोतिहारी प्रखंड के रूलही पीपरा कोठी प्रखंड के पड़लिया, झखड़ा, धनौती नदी में निर्माण का लगभग 4 करोड़ का निविदा हो चुका है, परन्तु कार्य आरम्भ नहीं हुआ है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो अबतक पुल निर्माण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

आवागमन बहाल करना

*499. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के मंगवार मिडिल स्कूल से सबैला होते हुये बड़गाँव तक की सड़क विगत तीन वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण जिला मुख्यालय तक आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार मंगवार मिडिल स्कूल से सबैला होते हुये बड़गाँव तक सड़क का पक्कीकरण कर आवागमन सुचारु रूप से बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*500. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी विधान-सभा स्थित बैंता परसा से परसा फुलहर तक ग्रामीण सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण आम जनता को यातायात में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित ग्रामीण सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*501. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के बेलांव से ओड़दली विगहा से महादलित टोला तक रोड नहीं रहने के कारण आमजन को आने-जाने में काफी कठिनाइयाँ होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार बेलांव से ओड़दली विगहा से महादलित टोला तक रोड निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

संपर्क पथ से जोड़ना

*502. डॉ० उषा विद्यार्थी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड के तहत नोरिया ग्राम की दूरी पालीगंज किंजर पथ से 4 कि०मी० दूर है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत नोरिया ग्राम में 1500 आबादी होने के बावजूद अभीतक संपर्क पथ नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नोरिया ग्राम को संपर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*503. डॉ० नरेन्द्र कुमार पाण्डेय–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड तरारी के ग्राम सेदहां में उच्च विद्यालय और ग्राम के बीच नहर में बना पुल ध्वस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल को ध्वस्त होने के कारण ग्रामीण जनता एवं छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*504. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सरमेरा अनुमंडल के गोविन्दपुर स्थित गाँव है, सरमेरा से गोविन्दपुर जाने के लिये एक छोटा-सा अलंग है, वह भी बहुत पतला एवं टूटा-फूटा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मामारखपुर, रसलपुर तक पक्की रोड बना हुआ है लेकिन गोविन्दपुर तक गाँव की दूरी लगभग 2 कि०मी० है, आवागमन का कोई साधन नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मामारखपुर रसलपुर से गोविन्दपुर तक पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन बहाल करना

*505. डॉ० इजहार अहमद–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 अक्तूबर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''स्क्रूपाइल पुल ध्वस्त आवागमन ठप'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल के हारगाछी-जमालपुर मुख्य सड़क पर कुनौली गाँव के निकट बना स्क्रूपाइल नवम्बर, 2014 में ध्वस्त हो जाने के कारण दो प्रखंडों के बीच आवागमन बाधित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ध्वस्त पुल को कबतक ठीक कराकर वाहनों के आवागमन को चालू कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*506. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुढ़ी पंचायत के जियनगंज से उत्क्रमित हाई स्कूल होते हुये इस्लामपुर से कोढ़ीबाड़ी होते हुये बनैली पंचायत के खाना घाट होते हुये बड़ी बनैली का सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*507. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के टिकुलिया से भटनी बाजार होते हुये टेंगराहाँ से बसंतपुर पक्की सड़क तक वर्ष 2013 में सड़क बनकर तैयार होना था लेकिन अभीतक सड़क का निर्माण कार्य पुरा नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार द्वारा उक्त सड़क का निर्माण कार्य अभीतक पुरा नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

सड़क का निर्माण

*508. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत ठदवन्त नगर प्रखंड में आरा सासाराम पथ से कसाप होते हुये कुशुम्हा ग्राम तक जाने वाली सड़क ब्रीक सोलिंग एवं कच्ची है, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का स्टेट कोर नेटवर्क में शामिल होने के बावजूद अभीतक निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*509. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलांतर्गत मैजरगंज प्रखंड के विशनपुर ग्राम से सिजुआ नेपाल बोर्डर तक जानेवाली तथा विशनपुर ग्राम होते हुये पचहरवा ग्राम से उत्तर होकर एस0 एस0 बी0 कैम्प होकर बंसबिट्टा शंकर मंदिर तक जानेवाली सड़क जर्जर है एवं आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*510. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत नवहट्टा प्रखंड के डुमरा चौक से सुपौल जिला के सिहें तक पथ काफी जर्जर होने के कारण आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार उपरोक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लुईश गेट का निर्माण

*511. श्री रामावतार पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अन्धराठाढ़ी प्रखण्ड के पलार गाँव में सुगरवे नदी में निर्माणाधीन स्लुईश गेट का कार्य अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्लुईश गेट का निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण किसानों को पटवन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अर्द्धनिर्मित स्लुईश गेट का निर्माण कबतक पूरा करने का विचार रखती है ?

---

बाँध पूर्ण कराना

*512. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा के कटरा प्रखंड अंतर्गत बसघट्टा ग्राम में बागमती परियोजना के बायें तटबंध को काटकर हजारों एकड़ जमीन को जल जमाव से मुक्त कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँध के कटे हुये भाग को अबतक उसी हालत में छोड़ दिया गया है, जिससे किसानों को बरसात के दिनों में बाढ़ का खतरा बनने लगा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँध के कटे भाग को बंद कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खेतों में जल प्रवाह कराना

*513. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बटेश्वर स्थान गंगा पम्पिंग योजना से किसानों की फसल सिंचाई हेतु वर्ष 1980 से निर्माणाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि योजना का दिनांक 17 जनवरी, 2015 को स्थल निरीक्षण माननीय मंत्री, विभागीय प्रधान सचिव, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता (सिविल) एवं (यांत्रिक) द्वारा किये जाने के उपरान्त क्या सरकार किसानों के खेतों तक जल प्रवाह कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक ?

सड़क का निर्माण

*514. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के बिहपुर ब्लॉक से बमकाली होते हुये बिहपुर थाना तक सड़क की हालत काफी जर्जर है और रोड पर ही पानी बहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के बगल में एक नाला बना हुआ है, लेकिन उससे पानी का बहाव नहीं हो पाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि मुख्यालय जाने के लिये एक मात्र वही सड़क है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क एवं नाला का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का चौड़ीकरण

*515. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा (धरहरा) से चाँदी जानेवाली पथ की चौड़ाई कम होने से वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*516. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनबरसा प्रखण्ड के भलुआहाँ से हनुमान नगर तक तथा बथनाहा प्रखण्ड के दीघी ग्राम से हरिबेला तक जानेवाले ग्रामीण पथ कच्चा एवं जर्जर है, जिसके कारण साल में छः माह आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का जीर्णोद्धार

*517. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के बाजीतपुर महेश प्रसाद सिंह के घर के पूरब स्थित पुल 5 वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*518. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत गुरूआ प्रखण्ड के उग्रवाद क्षेत्र धरोधा मोड़ से कसमा-नौडिहा रोड तक कच्ची सड़क जर्जर स्थिति में है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*519. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड पीरो के नगर परिषद् क्षेत्र पीरो-बिहियाँ पथ में लोहिया चौक से मिल्की मोड़ तक दक्षिण तरफ नाला का निर्माण नहीं होने के कारण नाली का पानी रोड पर बहने लगता है जिससे जनता को रोड पर चलना दूभर हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ के दक्षिण तरफ नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू कराना

*520. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर एवं पीरो प्रखण्ड के सभी नलकूप विगत 5 वर्षों से बंद होने से कृषकों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड के बंद नलकूपों को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*521. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के रामदेली पंचायत के निसारा पाँच रोड से साहपुर होते हुये पोरा मज्जार चौक तक ईंट सोलिंग किया हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*522. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड इसुआपुर के पंचायत रामचौड़ा तथा प्रखंड तरैया के पंचायत तरैया एवं पचरौड़ में पंचायत भवन का निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन में वर्णित कंडिकावार विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार ऐसे दोषी संवेदक के विरुद्ध उच्चस्तरीय जाँच करवाकर कार्रवाई का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का चौड़ीकरण

*523. मो० मुजाहिद आलम क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में मस्तान चौक से बरबट्टा पथ निर्माण विभाग की एक महत्वपूर्ण सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क संकीर्ण (कम चौड़ा) होने के कारण उक्त सड़क पर आये दिन सड़क दुर्घटना होते रहती है, जिसमें अबतक बहुत लोगों की जान जा चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के चौड़ीकरण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## स्लूईस गेट का निर्माण

*524. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के लखौरा, नरौगीया पंचायत के उधौव नदी में एक बहुआरी, भिस्कहीया में उधौरा नदी में स्लूईस गेट नहीं होने से लगभग एक हजार हेक्टेयर में सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार लखौरा एवं भिरफहीया के उधौरा नदी में स्लूईस गेट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल का निर्माण

*525. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के सिहालो से बरबतता जानेवाली सड़क में सिहालो धार पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण लगभग 50,000 से अधिक आबादी को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सिहालो धार पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू कराना

*526. श्री सुबोध राय- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि विगत तीन वर्षों में राज्य में कुल 350 खराब पड़े नलकूपों को चालू कराने के लिये राशि का आवंटन किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर, बाँका जिला सहित राज्य के सभी जिलों में उक्त बन्द पड़े नलकूपों की मरम्मती हो जाने के नाम पर राशि का उठाव विगत एक वर्ष पूर्व ही कर लिया गया है लेकिन वे नलकूप आज भी खराब हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सुलतानगंज प्रखंड सहित उक्त बन्द पड़े नलकूपों को चालू कराने एवं मरम्मती के नाम पर राशि का उठाव करने वाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*527. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड, गुरारू-रफीगंज मेन रोड में केरकी मोड़ से अलीगंज तक जानेवाली सड़क कच्ची होने के कारण आमजनों को आवागमन में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क पूर्ण करना

*528. श्री रामदेव महतो- क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखंड अन्तर्गत पी०एम०आर०वाई० के तहत नवटोल से मेधौल जानेवाली ग्रामीण सड़क का निर्माण विगत 3 वर्षों से अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अधूरे निर्मित सड़क को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*529. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखण्ड के हाजीपुर-महुआ पथ में से सेन्दुआरी उच्च विद्यालय से पानापुर लंगा जानेवाली सड़क में गोदाम पोखर तक सड़क 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*530. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल में आई०टी०आई० कॉलेज नहीं होने के कारण वहाँ के छात्र-छात्राओं को आई०टी०आई० की डिग्री लेने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर आई०टी०आई० कॉलेज खोलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिलान्तर्गत दो औ०प्र० संस्थान, यथा औ०प्र० संस्थान, भागलपुर एवं महिला औ०प्र० संस्थान, भागलपुर स्थापित है, जिसमें भागलपुर जिलान्तर्गत सभी अनुमंडलों/प्रखंडों के सुयोग्य युवक/युवती प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हैं ।

वर्तमान में भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल में कोई और औ०प्र० संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

---------

सड़क का निर्माण

*531. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड के ग्राम-चुरामनपुर से ग्राम-अर्जुनपुर तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क बनाना

*532. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के मकसूदपुर तक एवं अतरी प्रखंड के नौरंगा ग्राम तक पथ का निर्माण कार्य चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों गाँव के बीच का भाग सम्पर्क पथ से नहीं जुड़ा है, जिससे पथ निर्माण की पथ गया-ईस्लामपुर एवं मानपुर-सरवहदा पथ का जुड़ाव नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मकसूदपुर एवं नौरंगा गाँव के बीच छूटा हुआ सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाँध बनाना

*533. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के निसन्धरा पंचायत के मुसलडंगा कब्रिस्तान एवं मुसलडंगा गाँव कटने के कगार पर है;

(2) क्या यह बात सही है कि इसी प्रखंड के बहादुरगंज के पंचायत बनगवाँ अन्तर्गत नवाब जागीर बनगवाँ गाँव भी कटने के कगार पर है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर टेक बाँध बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*534. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण निगम लि० द्वारा मुख्य मंत्री सेतु योजनान्तर्गत पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड के बलुआ-लौखान के बीच में 2.50 लाख की लागत से आर०सी०सी० पुल का निविदा लगभग एक वर्ष पूर्व किया गया था, परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति अबतक नहीं मिल पायी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निविदा का निष्पादन कर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*535. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा में बन्धुबरवा ग्राम से पासवान टोली होकर नुनिया टोली होते हुये मेन सड़क तक कच्ची सड़क लगभग 3 कि०मी० की स्थिति अत्यंत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिस कारण आवागमन में स्थानीय जनों को असुविधा सहन करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ बनाना

*536. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बरौनी प्रखंड अंतर्गत बथौली चौक से बीरपुर पथ की स्थिति जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ए०सी०पी० का लाभ दिलाना

*537. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सकों को दिनांक 25 नवम्बर, 2008 से देय डायनेमिक ए०सी०पी० का लाभ श्रम संसाधन विभाग नियंत्रणाधीन कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा सेवा संवर्ग में कार्यरत चिकित्सकों को भी श्रम एवं नियोजन विभाग के पत्रांक 3612, दिनांक 28 नवम्बर, 2010 द्वारा अनुमान्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ए०सी०पी० का लाभ कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा सेवा संवर्ग में कार्यरत चिकित्सकों को देने हेतु वित्त विभाग के संकल्प सं० 11989, दिनांक 30 दिसम्बर, 2011 के क्रमांक 24 में निहित निदेश के आलोक में तैयार सेवाशर्त नियमावली पिछले तीन वर्षों से स्वीकृति हेतु लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सेवाशर्त नियमावली को स्वीकृत करते हुये कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा संवर्ग के चिकित्सकों को डायनेमिक ए०सी०पी० का लाभ देने का विचार रखती है ?

पथ का पक्कीकरण

*538. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में अधकपरिया पंचायत के फुलवरिया बाँध से फुलवरिया प्राथमिक विद्यालय होकर नुनिया टोली, मुर्गीया टोला बाँध तक लगभग 2 कि0मी0 सड़क कच्ची होने के कारण हजारों लोगों (आबादी) को आवागमन में घोर कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस पथ का पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

आहर का जीर्णोद्धार

*539. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखण्ड के तहत कुसुम्हरा आहर के जीर्णोद्धार हेतु एक वर्ष पूर्व डी0पी0आर0 तैयार करने के बावजूद इसका जीर्णोद्धार कार्य अबतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके जीर्णोद्धार कार्य को शुरू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*540. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखण्ड के खवासपुर पंचायत में सीमना बरीयां से लक्ष्मणियाँ गाँव तक सड़क नहीं रहने के कारण वहाँ के दलित परिवार को आवागमन की सुविधा नहीं प्राप्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में जाने हेतु सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण-

*541. श्री प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया वितरणी के 26.5 आर0डी0 के भोपतपुर दक्षिण-अहिरौलिया नयका टोला के बीच में पुल नहीं रहने के कारण लोगों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*542. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत गाजीपुर से महुआ तक जानेवाली सड़क जर्जर हो गयी है जिससे इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*543. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत शम्भूगंज प्रखण्ड में रमचुआ ग्राम के पास बडुआ नदी पर चेक डैम नहीं रहने से किसानों को सिंचाई से वंचित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर चेक डैम बनाकर किसानों का सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नलकूप चालू करना

*544. श्री अंबिका सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखण्ड में पूर्व से लगे सरकारी नलकूप पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है, जिसमें स्थानीय किसान समय से सिंचाई नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद पड़े नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेट बोरिंग लगाना

*545. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखण्ड अन्तर्गत धनपुरा, मुसहरी टोला के नजदीक स्टेट बोरिंग नहीं होने के कारण महापुर, रसलपुर, सिसुआ, धनपुरा, देवगाँव धौनी इत्यादि गाँवों में विगत 8 वर्षों से सुखाड़ की स्थिति बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर स्टेट बोरिंग करवाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*546. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत हावीडीह के सज्जनपुरा तक वर्ष 2009-10 में निर्माण कराया गया है उक्त सड़क से प्रतिदिन हजारों आदमी का आवागमन होता है, जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 25 मार्च, 2015 (ई0) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0 स0 मु0 (एल0 ए0) 164 डी0 टी0 पी0--450--